**आकाशवाणी शिमला**

**16.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे /**

**मुख्य समाचार**

- **भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की–सात चरणों में होंगे चुनाव–चार जून को होगी मतगणना।**
- **हिमाचल में चार लोकसभा सीटों के चुनाव के साथ ही 6 विधानसभा सीटों के उप–चुनाव के लिए एक जून को होगा मतदान।**
- **चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही देश में चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू।**
- **लोकसभा चुनाव की घोषणा का विभिन्न राजनीतिक दलों ने किया स्वागत।**

**चुनाव**

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। ये चुनाव सात चरणों में कराये जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी। पहले चरण में अगले महीने की 19 तारीख को लोकसभा की 102 सीटों पर मतदान होगा। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 89 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। तीसरा चरण सात मई को होगा, जिसमें 94 सीटों पर मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में 20 मई को 49 संसदीय सीटों पर मतदान होगा, जबकि छठे चरण में 25 मई को 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को 57 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में आम चुनाव 2024 के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम घोषणा के साथ ही चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग भारतीय लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि देश में 97 करोड पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढे दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां डेढ करोड चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में पहली बार वोट देने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। राजीव कुमार ने बताया कि आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक पार्टियों को यह भी बताना होगा कि उन्होंने गम्भीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को चुनाव में क्यों उतारा। राजीव कुमार ने कहा कि बाहुबल, धनबल, भ्रामक प्रचार और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन निर्वाचन आयोग के सामने बडी चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि आयोग ने बाधाकारी चुनौतियों से निपटने के सभी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बाहुबल पर निगरानी रखने के लिए मतदान के दिन ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनावों में खून–खराबा और हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और यदि कहीं हिंसा हुई तो आयोग कडी कार्रवाई करेगा। कुमार ने बताया कि संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि शराब, नकदी, मादक पदार्थों और अन्य प्रकार की प्रलोभनकारी वस्तुओं को बांटे जाने पर नियंत्रण रखें। उन्होंने कहा कि आयोग ने नकदी के हस्तांतरण पर भी कडी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव तंत्र को कचरा प्रबंधन और कागज के कम से कम उपयोग को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सिक्किम, ओडिसा, आंध्र–प्रदेश और अरूणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की।

**चुनाव–हिमाचल**

इधर हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के उप–चुनाव के लिए मतदान एक जून को होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में पत्रकारों को बताया कि इन चुनावों के लिए सात मई को अधिसूचना जारी की जाएगी। और एक ही चरण में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि एक जून को होने वाले लोकसभा और विधानसभा उप–चुनाव के लिए सात हजार 9 सौ 90 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

**चुनाव स्वागत**

विभिन्न राजनीतिक दलों ने लोकसभा और कुछ राज्य विधानसभाओं के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा का स्वागत किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाजपा और एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सुशासन के अपने रिकॉर्ड और सभी क्षेत्रों में किये गये कार्यों के आधार पर जनता के पास जाएगी। तब देश की जनता के साथ धोखा हुआ था और कोई भी क्षेत्र घोटालों और गलत नीतियों से अछूता नहीं रह गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड जनता की शक्ति से राष्ट्र विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है और देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि करोडों लोगों को गरीबी से मुक्ति मिली है और सरकारी योजनाएं देश के सभी हिस्सों में पहुंच गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध और तेजी से जारी रहेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने देश के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के आधार को मजबूत करने का आह्वान किया।

**अनुराग ठाकुर**

वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि देश की जनता एक बार फिर भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव विश्व के सबसे बड़े उत्सव का समय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने लोगों के जीवन में जबरदस्त बदलाव लाएं है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि रिकार्ड समय में भाजपा सरकार ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएं लोगों के घर तक पहुंच रही है और युवाओं के लिए पर्याप्त अवसर पैदा हुए हैं। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि वैश्विक मंच पर भारत एक मजबूत आवाज बन कर उभरा है। उन्होंने सभी लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों को भारी मतों से जीत कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देगी। एक बयान में उन्होंने दावा किया की प्रदेश में होने वाली 6 विधानसभा सीटों के उप–चुनाव में भी भाजपा जीत दर्ज करेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और जन विरोधी नीतियों के कारण जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि अपने चहेतों को ओएस डी, सलाहकार और बोर्ड के चेयरमैन बनाकर कांग्रेस सरकार फिजूल खर्ची को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीकी गारंटियों पर भरोसा है।

**प्रतिभा सिंह**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए प्रदेश कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव करवाने व अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए बिना किसी भेदभाव व दबाव के मतदान करवाएगा।

**राठौर**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने कहा है कि केंद्र सरकार की चुनावी बांड नीति से स्पष्ट हो गया है कि उन्ही कंपनियों व व्यक्तियों को काम दिया गया है जिन्होनें भाजपा को चुनावी बांड के माध्यम से चंदा दिया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद जनता का न्यायपालिका पर विश्वास और बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया और बड़ी–बड़ी कम्पनियों व उद्योगपतियों ने इलेक्ट्रॉल बांड खरीदे।

**मानव अधिकार**

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर बालकृष्ण गोयल ने आज ज़ोनल अस्पताल धर्मशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन काउंटर व सुझाव, शिकायत पट्टिका का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान बालकृष्ण गोयल ने अस्पताल में रखी गई खाद्यन्न सामग्री तथा दवाइयों की गहनता से जांच की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, बल्ड बैंक के अतिरिक्त अस्पताल की अन्य कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी हासिल की। बाद में, गोयल ने धर्मशाला के दाड़ी स्थित वृद्ध आश्रम का भी दौरा किया। उन्होंने संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों से वृद्धों की समस्याओं पर चर्चा की।

---